प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 16.09.2025**

❖ थाना गजनेर पर गुमशुदा हुई 02 नफर नाबालिग बालिकाओं के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का किया गया सफल अनावरण।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 14/09/2025 को ग्राम रतवा मौजा नाही जूनिया थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात निवासी संतोष कुमार द्वारा सूचना दी गई कि उनके ही गांव के रहने वाले धर्मेंद्र संखवार पुत्र चंद्रपाल की दो नाबालिग पुत्रियां लक्ष्मी उम्र 12 वर्ष व प्रीति उम्र 7 वर्ष सुबह लगभग 08–09 बजे जंगल से लकड़ियां बीनने गईं थीं। जब वे समय से घर वापस नहीं लौटीं, तो दोपहर बाद से उनकी तलाश की जाने लगी, किंतु उक्त दोनों बालिकाओं का कुछ पता नहीं चल सका। उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जहां स्थानीय ग्रामीणों के साथ आस-पास के गांवों व खेतों और अन्य संभावित स्थलों पर तलाश / कांबिंग की गई, किंतु उक्त बालिकाओं का कुछ पता नहीं चल सका। गुमशुदा बालिकाओं की मां श्रीमती मीना देवी से तहरीर प्राप्त कर तत्काल थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० 277/2025 धारा 137(2)BNS पंजीकृत किया गया। बालिकाओं की तलाश के क्रम में तत्काल पंपलेट तैयार कराकर आरपीएफ, जीआरपी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया सहित आस-पास के सभी जनपदों में सूचना प्रसारित करायी गयी। पुलिस टीम को तलाश के क्रम में दिनांक 16.09.2025 को थाना घाटमपुर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना गजनेर की चौकी पामा क्षेत्र से गुमशुदा 02 बालिकाएं डायल 112 की सूचना पर चौकी क्षेत्र पतारा थाना घाटमपुर कानपुर नगर में मिली हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बालिकाओं से पूछताछ की गयी तो उन्होंने अपना नाम लक्ष्मी पुत्री धर्मेन्द्र कुमार उम्र करीब 13 वर्ष व प्रीती पुत्री धर्मेन्द्र कुमार उम्र करीब 08 वर्ष निवासीगण ग्राम रतवा मौजा नाही जूनिया थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात बताया। साथ ही यह भी बताया गया कि 04-05 दिन पहले उनका भाई खो गया था जिसको ढूंढने के उद्देश्य से दोनों बहने लकड़ी बीनने की बात घर पर बताकर ट्रेन से कानपुर नगर चली गयी थीं, जहां पर उनके द्वारा रेलवे स्टेशन पर अपने भाई को ढूंढा गया किंतु नहीं मिला। कल शाम को वे एक ट्रेन में बैठकर घाटमपुर स्टेशन आ गयी थी व ट्रेन से उतरकर पटरी पर चल रही थी कि कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी जिनके द्वारा उन्हें घाटमपुर थाने पर लाया गया। मौके पर बालिकाओं के पिता धर्मेन्द्र कुमार को बुलाया गया व मय हमराह उनके पिता धर्मेन्द्र कुमार के दोनों बालिकाओं को थाना गजनेर लाया गया। मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामद करने वाली पुलिस टीम-

थाना गजनेर पुलिस।